हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, गुरुवार, 18 जुलाई 2024

12 राहत : अब स्वामी नगर से टैंकरों से निकाला जाएगा गलियों में जमा पानी



12 एमएम कॉलेज में विकसित होगा 'मिनी जंगल'



## खबर संक्षेप

### जरूरतमंद कन्याओं के विवाह में किया सहयोग

**फतेहाबाद।** नवकल्याण संस्था ने अशोक नगर में एक जरूरतमंद परिवार की दो कन्याओं के विवाह में अपना योगदान देकर कन्याओं के वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की। प्रधान बंटी कम्बोज, वरिष्ठ महिला सदस्य रितू खन्ना, पायल चक्रवर्ती, प्रमुख समाजसेवी जगदीश नायक, सयम कुमार, महेन्द्र कम्बोज, सुरेश कुमार व शालिनी ने अपना सहयोग दिया। संस्था की टीम ने कन्याओं के परिवार के बीच जाकर घरेलू उपयोग हेतू सामान व वस्त्र भेंट किए। इस सहयोग के लिए परिवार ने संस्था की टीम का धन्यवाद किया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी संस्था ने जरूरतमंद कन्या के विवाह में योगदान देकर अपना सामाजिक दायित्व निभाया तथा हाल ही में फ्री मैडिकल कैम्प का सफल आयोजन कर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दीं।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए फ्री मेडिकल कैम्प 19 को

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरिष्ठ नागरिक परिषद फतेहाबाद के तत्वाधान में नागरिक अस्पताल फतेहाबाद के सीएमओ कार्यालय द्वारा जुलाई माह के तीसरे शुक्रवार 19 जुलाई को निशुल्क मेडिकल कैम्प बाल भवन फतेहाबाद में प्रातः 9 बजे से उपप्रधान बनारसी दास मोंगा की अध्यक्षता में लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया कि इस कैम्प में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी व निशुल्क दवाईयां भी दी जाएगी। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से कहा कि वे कैम्प में अपना आधार कार्ड अवश्य साथ लेकर आए।

### मांगों को लेकर जमकर की नारेबाजी, डीईईओ को सौंपा मांग पत्र

# सैकड़ों प्राथमिक शिक्षकों ने शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से मिला व सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। धरने के बाद डीईईओ को ज्ञापन सौंपते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जिलेभर के प्राथमिक शिक्षकों ने आज राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला फतेहाबाद के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। प्रदर्शन में जिला फतेहाबाद के सभी खण्डों से सैंकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान विकास टुटेजा ने की वहीं संचालन जिला उपप्रधान विनोद मूंड द्वारा किया गया। प्रदर्शन के बाद संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वेद सिंह दहिया से मिला और उन्हें मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में विशेष तौर पर संघ के राज्य चेयरमैन देवेन्द्र दहिया, राज्य कानूनी सलाहकार दलीप बिश्नोई भी मौजूद रहे। डीईईओ को सौंपे मांग पत्र में संघ के जिला प्रधान विकास टुटेजा ने हरियाणा सरकार के समक्ष मांग की है कि सामान्य तबादले होने तक सभी स्कूलों में छात्र संख्या के अनुपात में शिक्षकों के समायोजन की शक्तियां जिला स्तर पर दी जाए ताकि शैक्षणिक व्यवस्था उचित बन सके। पेंशन स्कीम को खत्म कर ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाए। प्राथमिक विद्यालयों में दाखिले के समय परिवार पहचान पत्र की अनिवार्यता को खत्म कर विद्यालय के दाखिला रजिस्टर के दाखिला नंबर को ही रजिस्ट्रेशन का आधार मान एमआईएस पोर्टल पर बच्चों का एडमिशन किया जाए। राज्य चेयरमैन देवेन्द्र दहिया ने कहा कि तबादला नीति में जोन सिस्टम बहाल करते हुए वरिष्ठता के अंक दिए जाएं। प्राथमिक शिक्षकों के अंतरजिला तबादले व सामान्य तबादले प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। राज्य कानूनी सलाहकार दलीप बिश्नोई ने बताया कि हाल ही में विभाग द्वारा जारी सरप्लस अध्यापकों को प्रतिनियुक्ति पर समायोजित करने की आड़ में विभाग द्वारा पूरे राज्य मे 337 विद्यालयों को बंद किया जा रहा है जो कि आम जन मानस के अधिकारों का हनन है इसलिए स्कूल मर्जिंग पूरी तरह से बंद हो। जेबीटी से टीजीटी के सभी विषयों के खाली पदों पर पदोन्नति की जाए। नई शिक्षा नीति के तहत प्राथमिक स्कूलों में छात्र-शिक्षक अनुपात 25:1 किया जाए।

#### प्रमुख मांगें

जिला महासचिव योगेन्द्र वर्मा ने मांग की कि कर्मचारियों पर आश्रित माता-पिता को चिकित्सा सेवा उपलब्ध करवाने में उनकी वार्षिक आय की बाध्यता को समाप्त किया जाए। जिला कोषाध्यक्ष पवन चमारखेड़ा ने सेवा नियम 2012 में संशोधन कर 50 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता हटाई जाए और केंद्र सरकार के कर्मचारियों की भांति हरियाणा सरकार के कर्मचारियों का एचआरए बढ़ाने की मांग की। वरिष्ठ जिला उप प्रधान भजन कम्बोज ने कहा कि शिक्षा विभाग पारस्परिक तबादले का प्रावधान दोबारा लागू करे। जिला उपप्रधान राकेश मदान व विनोद मूंड ने मांग रखी कि विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार की फीस/शुल्क न ली जाए तथा छात्र संख्या अनुसार हिंदी व अंग्रेजी माध्यम का स्टाफ उपलब्ध करवाया जाए। जिला संरक्षक सुरेन्द्र नैन ने मांग रखी कि प्राथमिक शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से दूर रखा जाए। कर्मचारियों को चिकित्सा अवकाश दिया जाए। जेबीटी का बेसिक 35400 की बजाय 39900 किया जाए।



सिरसा। विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में जागरुक करते हुए यातायात थाना पुलिस। फोटो : हरिभूमि

# नियमों की पालना से आएगी दुर्घटनाओं में कमीः एएसआई

- कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य ईश्वर सिंह डूडी ने किया
- मनदीप सिंह ने भी कार्यक्रम में छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल बडागुढ़ा में बुधवार को विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को यातायात नियमों और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य ईश्वर सिंह डूडी द्वारा किया गया। यातायात थाना से एसपीओ जगमीत सिंह और गृहरक्षी मनदीप सिंह ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। एएसआई प्रमोद कुमार ने छात्रों को यातायात नियमों की पालना करने को कहा। उन्होंने सडक़ पर सुरक्षित चलने, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, ट्रैफिक सिग्नल का पालन और अन्य महत्वपूर्ण नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रमोद कुमार ने बताया कि सही यातायात नियमों का पालन करने से सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और यह हर नागरिक का कर्तव्य है कि वे इन नियमों का पालन करें। इसके साथ ही, उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि नशे की लत न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि इससे परिवार और समाज भी बुरी तरह प्रभावित होता है। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए बताया कि नशे से बचने के लिए उन्हें सही संगति और सकारात्मक गतिविधियों में संलग्न रहना चाहिए।

### अलीकां हत्याकांड में संलिप्त एक और आरोपी काबू

**डबवाली।** शहर थाना पुलिस ने अलीकां हत्याकांड मामले में संलिप्त एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनप्रीत सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र इकबाल सिंह निवासी डबवाली के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर लिया है। शहर थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि बीती 4 जुलाई को कर्मतेज सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी अलीकां के बयान पर नामजद आरोपियों द्वारा उसके पिता के पर तेजधार हथियारों से जानलेवा हमला करने व इलाज के दौरान उसके पिता की मौत होने पर मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सबूत जुटाते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में पांच आरोपियों को पहले से गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

### बीएड कॉलेज में शिक्षक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फतेहाबाद में शिक्षक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए आवश्यक जानकारी और उपकरणों से सुसज्जित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ. जनक रानी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने उपस्थित सभी स्टाफ सदस्यों का स्वागत करते हुए उनके समर्पण की सराहना की। इसके बाद कॉलेज के उपाध्यक्ष संजीव बत्रा ने संस्थान की दृष्टि, मिशन और मूल्यों पर चर्चा की। उन्होंने शिक्षकों की जिम्मेदारियों जैसे अनुशासन, प्रातःकालीन सभा का आयोजन, पर्यावरण जागरूकता और राष्ट्रवाद पर जोर दिया। प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने कक्षाओं के प्रारंभ और पाठ्यक्रम योजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए बहुमूल्य सुझाव दिए। इसके बाद, डॉ. नरेंद्र ने पाठ्यक्रम समृद्धि और शिक्षण रणनीतियों पर अपने विचार रख और उन्होंने विभिन्न विषयों के लिए कई उदाहरण भी साझा किए। डॉ. गुंजन और वीरेन्द्र प्रताप ने कक्षा प्रबंधन पर चर्चा की। उन्होंने विभिन्न तकनीकों का उल्लेख किया जिससे कक्षा का माहौल अनुशासित और प्रेरक बना रहे। डॉ. कविता और राघवेंद्र ने पेशेवर विकास और निरंतर शिक्षा के महत्व पर जोर दिया, जबकि ललित कुमार ने शिक्षण-प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर अपने विचार रखे।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आयोजित शिक्षक ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लेते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि



To locate your nearest store and know more on +91 81473 49242 Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions Apply.
Sirsa - Lal Batti Chowk, Opposite Tau Devi Lal Town Park, Dabwali Road, Sirsa, Tel. : 86077 80000, 82220 10000
Scan the QR code to find the nearest Tanishq store



# क्या इंसानों को भी है स्वाइन फीवर का रिस्क

कुछ समय पूर्व स्वाइन फीवर के कुछ मामले केरल में सामने आने के बाद कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि इस रोग के इंसानों में फैलने का कितना रिस्क है?

**अवेयरनेस**



हाल में केरल के त्रिशूर जिले में सुअरों के बीच फैलने वाले अफ्रीकन स्वाइन फीवर के मामले सामने आए हैं। यह संक्रामक बीमारी पालतू और जंगली सुअर दोनों को प्रभावित कर सकती है। हालांकि बीमारी फैलने को लेकर एलर्ट जारी कर दिया गया है लेकिन मामला सामने आने के बाद आस-पास के क्षेत्र में लोग डरे हुए हैं।

**इंसानों में फैलने का रिस्क नहीं:** स्वाइन फीवर के मामले में राहत की बात यह है कि ब्रिटिश एग्रीकल्चर, एन्वॉयरनमेंट और रूरल अफेयर्स के अनुसार, अफ्रीकन स्वाइन फीवर, स्वाइन फ्लू बीमारी से अलग तरह का रोग है और ये जूनोटिक नहीं है। यानी, यह सुअरों से इंसानों में नहीं फैलती है। लोगों के मन में जानवरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति भय रहता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि वे कौन-सी बीमारियां हैं, जो इंसानों को प्रभावित कर सकती हैं? इन बीमारियों की चपेट में आने का किसे सबसे ज्यादा रिस्क है?

**जानवरों से फैलते हैं इंसानों में कई रोग:** कई जानवरों और इंसानों का सदियों से घनिष्ठ संबंध रहा है। हम सभी डायरेक्टली या इनडायरेक्टली हर दिन किसी ना किसी तरह से जानवरों के संपर्क में आते ही हैं। दूध, दही, पनीर, अंडा या मांस जैसे सभी फूड आइटम्स पशुओं से ही प्राप्त किए जाते हैं। यानी हम सभी पशुओं के जरिए अपने भोजन का काफी हिस्सा प्राप्त करते हैं। ऐसे में इन फूड आइटम्स में से अगर कुछ भी हम अपने नियमित आहार में शामिल करते हैं और अगर वो पशु किसी भी तरह के रोग से संक्रमित है तो ये हमें भी संक्रमित कर सकता है।



**ऐसे भी फैलता है संक्रमण:** पशुओं या पक्षियों के काटने, उनकी लार के संपर्क में आने से भी कई बीमारियां इंसानों में फैल सकती हैं। इसकी वजह बैक्टीरिया, वायरस, फंगई जैसे माइक्रोऑर्गेनिज्म होते हैं, जो विभिन्न जंतुओं के माध्यम से इंसानों में प्रवेश कर सकते हैं। इसे जूनोसिस कहा जाता है।

**क्या होती हैं जूनोटिक बीमारियां:** जंतुओं से इंसानों में होने वाली जूनोटिक बीमारियां, इंसानों में छोटी-मोटी समस्या पैदा करने से लेकर मृत्यु तक का कारण बन सकती हैं। इन बीमारियों में एनिमल फ्लू, बर्ड फ्लू, कैट स्क्रैच फीवर, डेंगू, चिकनगुनिया, गियार्डियासिस, इबोला, लाइम डिजीज, हेपेटाइटिस ई, पैरट फीवर, मलेरिया, प्लेग, रेबीज, स्वाइन फ्लू और वेस्ट नील वायरस जैसी बीमारियां शामिल हैं।

इस बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. गौरव जैन** बताते हैं, 'जूनोटिक का अर्थ है, किसी भी माध्यम से जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारी। ये बीमारी छूने से, भोजन, पानी या हवा से या किसी अन्य वेक्टर के माध्यम से फैल सकती हैं। चिड़ियाघर में भी जूनोटिक बीमारियों के संक्रमण का खतरा हो सकता है। खेतों में काम कर रहे किसान और पशुपालन कर रहे लोग गोबर आदि के संपर्क में आ सकते हैं, जिससे भी ये बीमारियां फैल सकती हैं। आमतौर पर जूनोटिक बीमारियां, किसी को भी प्रभावित कर सकती हैं। लेकिन कुछ लोगों को इन बीमारियों के संक्रमण का खतरा अधिक हो सकता है। इनमें प्रेग्नेंट महिलाएं, 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग, एचआईवी से संक्रमित लोग, 5 वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चे, गंभीर बीमारियों का उपचार करा रहे लोग और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग शामिल हैं।'

**बचाव-उपचार के तरीके:** श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन **डॉ. अरविंद अग्रवाल** के अनुसार, 'अगर किसी पालतू जानवर के संपर्क में आने से आपको चोट लगी है, जैसे किसी जानवर ने काट लिया है या उसके पंजे से खरोंच लगी है तो आपको जल्द-से-जल्द डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। आप यह सुनिश्चित करें कि उस जानवर को सभी जरूरी वैक्सीन लगी है या नहीं? अगर किसी गैर पालतू जानवर ने आपको काट लिया है तब तो तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट कर जरूरी ट्रीटमेंट लें। इसके अलावा अगर आपको किसी कीड़े ने काट लिया है और उसके बाद किसी तरह के लक्षण सामने आ रहे हैं तो आप तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बचाव के तौर पर जानवर के संपर्क में आने के बाद हाथों को अच्छी तरह धोएं, पालतू जानवरों का टीकाकरण अवश्य कराएं। साथ ही हर साल पशु चिकित्सक से उनकी जांच भी कराएं। जानवरों की बाइट और खरोंच से बचें, जानवरों से संपर्क के दौरान या उसके तुरंत बाद अपने मुंह और आंखों को ना छुएं। मच्छर और अन्य तरह के कीटों के काटने से बचाव के लिए कीट प्रतिरोधी लोशन या अन्य बचाव के तरीकों का उपयोग करें।' *

-हरिभूमि फीचर्स

**सीजनल डिजीज**

हालांकि बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। इनमें सबसे अधिक लोग मच्छर काटने से होने वाली बीमारियों से ग्रसित होते हैं। खासतौर पर बीते कुछ वर्षों में डेंगू से पीड़ित पेशेंट्स की संख्या काफी बढ़ी है। यहां एक्सपर्ट डॉक्टर्स विस्तार से बता रहे हैं, डेंगू के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में।

# बारिश के मौसम में डेंगू की आशंका बरतें सावधानी-रहें सुरक्षित



बारिश के मौसम में मच्छर पनपने के कारण मलेरिया, चिकनगुनिया और डेंगू रोग होने की आशंका बहुत बढ़ जाती है। इस मौसम में लोग कई प्रकार की लापरवाहियां करते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें इन मच्छर-जनित जानलेवा रोगों के रूप में भुगतना पड़ता है।

## क्या होता है डेंगू

डेंगू को आमतौर पर हड्डी तोड़ बुखार के नाम से भी जाना जाता है। यह बीमारी डेंगू वायरस के कारण होती है। अगर एडीज मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, तब इस वायरस के उस व्यक्ति में संक्रमण के कारण उसे डेंगू हो जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार विश्व की लगभग आधी आबादी अब डेंगू होने के खतरे में है। अनुमान है कि पूरी दुनिया में प्रत्येक वर्ष 100-400 मिलियन लोग डेंगू से संक्रमित होते हैं। ऐसे में बदलते मौसम के साथ डेंगू से सावधान रहना जरूरी है।

## डेंगू होने के कारण

डेंगू रोग के लिए चार वायरस जिम्मेदार होते हैं। इन्हें डीईएनवी-1, डीईएनवी-2, डीईएनवी-3 और डीईएनवी-4 के नाम से जाने जाते हैं। ये वायरस एडीज मच्छर के काटने से व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करते हैं। यह वायरस रक्त प्रवाह के जरिए पूरे शरीर में फैलता है और व्यक्ति डेंगू से ग्रस्त हो जाता है। इसलिए आपको बरसात के मौसम में मच्छरों के काटने से बचकर रहना चाहिए।

## डेंगू के लक्षण

डेंगू से संक्रमित होने पर किस तरह के लक्षण दिखते हैं। इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली के प्रिंसिपल कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन एंड इंफेक्शन डिजीज, **डॉ. दीपक गुप्ता** सलाह देते हैं कि डेंगू से बचाव के लिए इस रोग के लक्षणों पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। डेंगू के लक्षणों में सामान्य बुखार शामिल है। ऐसे में बुखार होने पर लापरवाही करना खतरनाक हो सकता है। हालांकि डेंगू में 104 डिग्री फारेनहाइट का बुखार होता है, जिसके साथ अन्य लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं। जैसे जी मिचलाना, तेज सिर दर्द होना, हड्डियों में दर्द होना, मांसपेशियों में दर्द होना, जोड़ों में दर्द होना, उल्टी आना, आंखों के पीछे दर्द होना, त्वचा पर लाल चकत्ते होना आदि। अगर आपको या आपके किसी परिचित को इस प्रकार के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। अगर सामान्य बुखार आ रहा है तो भी आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। इस मौसम में जरा भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण है कि बदन दर्द या सिर दर्द से राहत के लिए बिना डॉक्टर से पूछे किसी भी प्रकार की दर्द निवारक दवा ना लें क्योंकि इससे प्लेटलेट काउंट में गिरावट हो सकती है।

## उपचार के तरीके

नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. पंकज वर्मा** कहते हैं, 'डेंगू के उपचार के लिए आपको समय पर डॉक्टर के पास पहुंचना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह एक प्रकार का वायरसजनित रोग होता है और इसके इलाज में सबसे महत्वपूर्ण बात है समय पर सही इलाज का आरंभ होना। डॉक्टर के पास पहुंचने पर डॉक्टर जांच करते हैं। जिसके बाद डेंगू की पुष्टि होने पर वह दवाइयों और इंजेक्शन के माध्यम से पेशेंट का इलाज करते हैं। इसमें गंभीर डिहाइड्रेशन जैसे मामलों में मरीज को आईवी ड्रिप भी दी जाती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण होता है, व्यक्ति का शरीर हाइड्रेट रहे क्योंकि ज्यादा उल्टी और तेज बुखार के दौरान बहुत नुकसान होता है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत आवश्यक होता है। इस दौरान मरीज को तरल पदार्थ के सेवन करने की सलाह दी जाती है और लगातार डॉक्टर के निगरानी में रहना चाहिए।'

## बचाव के उपाय

नारायणा हॉस्पिटल, आर. एन. टैगोर हॉस्पिटल, कोलकाता में कंसल्टेंट-क्रिटिकल केयर, **डॉ. राकेश शर्मा** डेंगू से बचाव के उपायों के बारे में बताते हैं, 'सबसे महत्वपूर्ण है आपको मच्छरों से खुद को बचाना, क्योंकि बारिश के मौसम में मच्छर पनपने की संभावना अधिक होती है और ऐसे में डेंगू के मच्छरों के काटने पर डेंगू हो जाता है। इसके लिए कुछ बातों पर अवश्य ध्यान दें। अपने घर के भीतर, छत पर या आस-पास ज्यादा दिन तक पानी को जमा ना होने दें, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, अपनी त्वचा को ढंक कर रखें, जिससे मच्छर काटने की संभावना बहुत ही कम हो जाए। डेंगू के मच्छर सुबह या शाम को अधिक सक्रिय रहते हैं और इस समय आपको बहुत ही सावधानी बरतनी चाहिए। शरीर के खुले भागों पर मच्छर रोधी (मॉस्कीटो रिपेलेंट) क्रीम जरूर लगाएं, जिससे आप मच्छरों के काटने से बच सकें। रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखें और डेंगू से बचे रहें।' *

प्रस्तुतिः सेहत डेस्क

**प्रिकॉशन**

# मानसून में डायबिटिक पेशेंट्स पैरों के अल्सर से रहें सावधान



डायबिटीज यानी मधुमेह के कारण मानसून के दौरान पैरों को गंभीर समस्या हो सकती है। दरअसल, मधुमेह पैरों में रक्त प्रवाह की मात्रा को कम करता हैं। पैरों में पर्याप्त रक्त प्रवाह ना होने से घाव या किसी प्रकार के संक्रमण को ठीक करना मुश्किल हो सकता है। संक्रमण ठीक ना होने के कारण पैरों में गैंग्रीन होने का खतरा रहता है। भारत में लगभग 15 प्रतिशत मधुमेह मरीज, मानसून के दौरान लापरवाही की वजह से डायबिटीज फुट अल्सर से ग्रस्त हो सकते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दुनिया में 77 मिलियन लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, और लगभग 25 मिलियन लोग प्री डायबिटीज स्टेज में हैं। लोगों की जीवनशैली को देखते हुए भविष्य में मधुमेह के मरीजों की संख्या बढ़ने का रिस्क है। ऐसे पेशेंट्स के पैरों में अल्सर को लेकर भी अवेयरनेस बढ़ाने की जरूरत है। दिल्ली स्थित अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल के वेस्कुलर सर्जन **डॉ. जैसोम चोपड़ा** के अनुसार, 'डायबिटीज पेशेंट्स में मानसून के दौरान बढ़ी हुई नमी और गीले पैरों के कारण संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए मानसून के दौरान डायबिटीज पेशेंट्स को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना काफी जरूरी है। डायबिटीज पेशेंट्स को अपने पैरों की स्वच्छता को लेकर अवेयर रहना चाहिए। शुगर लेवल की नियमित जांच करवानी चाहिए और संक्रमण को रोकने के लिए अधिकतर समय जूते पहनना चाहिए। अपने पैरों को हमेशा साफ और सूखा रखना चाहिए। संक्रमण होने पर घाव की साफ-सफाई, एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य विधियों से ट्रीटमेंट किया जाता है। गंभीर मामलों में संक्रमित टिश्यू को हटाने या रक्त प्रवाह को बढ़ाने के लिए सर्जरी की आवश्यकता भी हो सकती है।' *

**मौसमी फल / राजकुमार 'दिनकर'**

# स्वादिष्ट-स्वास्थ्यवर्धक आम



अन्य फलों की तरह आम भी सेहत के लिए बहुत लाभकारी होता है। आम केवल खाने में ही स्वादिष्ट नहीं होता बल्कि इसमें भरपूर मात्रा में पोषक तत्व भी पाए जाते है, जो शरीर के लिए लाभकारी होते हैं। आपको बाजार में खट्टे और मीठे आम मिलते हैं, जिनमें अलग-अलग पोषक तत्व पाए जाते हैं। आम में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जिस कारण यह खाने वाले को कैंसर और दिल संबंधित बीमारियों से बचाता है। आम की हर फांक में पोटैशियम होता है, जो ब्लड प्रेशर को सही रखने में बड़ा लाभकारी होता है और यह शरीर में उन कंपाउंड को बनाता है, जो हमारे इम्यून सिस्टम को बढ़ाते हैं। हरे आम में मौजूद एसिड बाइल के सिक्रिशन में बढ़ोत्तरी करता है और यह आंत संबंधी परेशानियों के लिए एक प्रतिरोधक की तरह काम करता है।

**भरपूर पौष्टिक पके आम:** अगर आप पका हुआ आम खाते हैं तो इससे आपको अच्छी-खासी मात्रा में विटामिन ए मिलता है। वास्तव में दूसरे फलों के मुकाबले आम में सबसे ज्यादा बीटा केरोटिन पाया जाता है। साथ ही इसमें विटामिन बी1, बी2, नियासिन, आयरन और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। पके हुए मीठे आम कब्ज की रुकावट को दूर करने के लिए शरीर से ज्यादा फ्लूड बाहर निकालकर इस परेशानी को दूर करता है। मीठा आम किडनी को सही रखने में भी मदद करता है। इतना ही नहीं मीठा आम हमारे खून में हीमोग्लोबिन के स्तर को बेहतर बनाता है। आम में पाए जाने वाले फाइबर शरीर के लिए रेचक की तरह काम करते है और व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा देते है, जिससे आंत की गतिविधि में वृद्धि होती है। अगर आप दुबले हैं और अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं तो आप पके आमों को दूध में मिलाकर मिक्सी में शेक की तरह तैयार कर पी सकते हैं। यह आपको कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन देता है।

**कच्चा आम भी फायदेमंद:** हरे यानी कच्चे आम में बड़ी मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है, जो त्वचा के पोर्स को साफ करके उसे चमकदार बनाता है और खून से जुड़ी स्कर्वी नामक बीमारी से बचाता है। यह आपको गर्मियों में होने वाली परेशानियों से भी दूर रखता है। पाचन क्रिया को बेहतर बनाने के लिए आमचूर बहुत ही मददगार होता है। डायबिटीज को कम करने में आम की पत्तियां उपयोगी हो सकती हैं। सॉफ्ट और ताजी पत्तियां ना केवल डायबिटीज होने से बचाती हैं बल्कि डायबिटीज को कंट्रोल करने में भी मदद करती हैं। *

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलीकास्ट हो रहे शो 'बादल पर पांव हैं' में आकाश आहूजा रजत के रोल में दिख रहे हैं। वे अपनी फिजिकल फिटनेस को लेकर बहुत कॉन्शस रहते हैं। क्या है, उनका फिटनेस फंडा, डिटेल में **हरिभूमि** को बता रहे हैं अपनी जुबानी।

# मेरे लिए सबसे जरूरी है फिट फील करना

**फिटनेस फंडा**

**आकाश आहूजा**



अच्छी लाइफ के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है, क्योंकि आजकल के समय में हमारे खाने में बहुत सारी मिलावट होती है। और लाइफस्टाइल भी काफी डिस्टर्ब हो गई है। लोग जंक फूड बहुत खाते हैं, डेली रूटीन सही नहीं है। स्लीप और वेक साइकिल भी डिस्टर्ब है। इसलिए आज के समय में यह बहुत जरूरी है कि हम अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर अधिक ध्यान दें।

**फिटनेस आइडियल:** मेरे फिटनेस आइडियल मेरे पिता हैं। मेरे पापा शोतोकन कराटे में 7 बार के नेशनल चैंपियन हैं और मैंने भी इंडिया को रिप्रेजेंट किया है। कह सकते हैं, फिजिकली फिट और स्ट्रॉन्ग रहने की इंस्पिरेशन मुझे अपने पापा जी से मिली है।

**फिट रहना-दिखना दोनों जरूरी:** मेरे लिए फिट फील करना सबसे जरूरी है क्योंकि स्ट्रॉन्ग फीलिंग से मुझे ताकत मिलती है। वैसे मेरे काम के हिसाब से मुझे फिट दिखना भी इंपॉर्टेंट है। जब हम लोग एब्स दिखाते हैं और वो 6 पैक फिजिक जो होती है, वो सिर्फ कुछ समय के लिए ही होती है। हम ज्यादा समय तक अपनी बॉडी को स्टफ नहीं कर सकते क्योंकि वो स्टारवेशन से आती है या बहुत कंट्रोल्ड डाइट से। अब उतनी कंट्रोल्ड डाइट ले पाना हमारे काम में बहुत मुश्किल है। रोल के डिमांड के अनुसार फिट दिखना तो जरूरी है, लेकिन पर्सनली मेरे लिए ज्यादा जरूरी है फिट महसूस करना।

**डेली डाइट प्लान:** मेरे लिए सबसे जरूरी है खुद को हाइड्रेटेड रखना। सुबह उठकर पानी जरूर पीता हूं। रात को सोने से पहले कोशिश रहती है कि तीन-चार घंटे का फास्टिंग हो। अधिक से अधिक न्यूट्रिशस डाइट लेता हूं।

**वर्कआउट शेड्यूल:** मेरा वर्कआउट शेड्यूल बहुत फ्लेक्सिबल रहता है। वैसे मैं बॉडी वेट एक्सरसाइसेस ज्यादा करता हूं तो मेरा रूटीन होता है कि पार्क में जाकर एक्सरसाइज करूं। मैं अपना वर्कआउट जिम से ज्यादा खुली हवा में करना पसंद करता हूं। जब भी मुझे समय मिलता है तो वर्कआउट कर लेता हूं। बिजी होने पर भी एक दिन से ज्यादा का गैप नहीं आने देता हूं अपने एक्सरसाइज शेड्यूल में, अगर जिम नहीं जा पा रहा हूं तो शूटिंग ब्रेक में सेट पर ही एक्सरसाइज कर लेता हूं। मुझे लगता है कि हम सबको डेली लाइफ में कोई ना कोई ऐसी हॉबी, कोई स्पोर्ट, कोई फिजिकल एक्सरसाइज जरूर अपनानी चाहिए, जो हमें फिट रखे।

**मेंटल फिटनेस:** सच तो यह है कि आज की तारीख में पूरी तरह मेंटली फिट तो कोई भी नहीं है। हम सबकी लाइफ में कोई ना कोई टेंशन रहती ही है। हम सबकी प्रॉब्लम्स हमारे लिए बहुत ज्यादा होती हैं, जिसके कारण हमें मेंटल प्रॉब्लम्स होती हैं। आजकल लोगों का ध्यान भटकाने के लिए बहुत सारी चीजें हैं, चाहे वो सोशल मीडिया हो या कोई ट्रेंड हो। जब हम अपने पर्पस से भटकते हैं तो हमारा माइंड स्टेबल नहीं रहता है। मैं कोशिश करता हूं कि अपने काम पर अधिक से अधिक फोकस करूं। इसके अलावा हमेशा खुश रहने की कोशिश करता हूं, ताकि मेंटल टेंशन से बचा रहूं। *

प्रस्तुतिः सेहत डेस्क

**हेल्थ एडवाइस**

**संध्या सिंह**

हर कोई हेल्दी और फिट रहना चाहता है। लेकिन उनमें से कुछ ही लोग इसके लिए जरूरी प्रयास करते हैं। हम आपको यहां कुछ आसान लेकिन प्रभावी सूत्रों के बारे में बता रहे हैं, जिनका पालन करके आप अपनी हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन कर सकते हैं।

# हेल्दी-फिट रहने के ईजी-इफेक्टिव सीक्रेट्स



फिट रहना कठिन नहीं, बहुत आसान है, बशर्ते हम नियमित तौर पर कुछ छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें। बजाय इसके कि दिन-रात फिट रहने के सपने देखें, उसके बारे में बहुत कुछ पढ़ें और सोचें, लेकिन व्यावहारिक रूप में कुछ ना करें। तो आइए जानते हैं कि फिट रहने के ये छोटे-छोटे सीक्रेट क्या हैं?

**सुबह जल्दी उठें:** आपने सैकड़ों बार सुबह जल्दी उठने के फायदों के बारे में पढ़ा होगा, दर्जनों लोगों से सुना होगा, लेकिन खुद व्यक्तिगत रूप से कभी आजमाया नहीं होगा। अगर आजमाएंगे तो आप भी इसे सही मानने वालों में शामिल हो जाएंगे और दूसरों को फिट रहने के लिए आप भी उन्हें यह टिप्स देंगे। सुबह जल्दी उठें। इतना जल्दी नहीं कि इसके लिए बहुत अतिरिक्त प्रयास करना पड़े, जितने समय रोज जगते हैं, उससे बस 30 मिनट पहले जगना शुरू करें। जब यह आदत बन जाए तो इसमें 30 मिनट और जोड़ लें। इस तरह अगर हर दिन आप 1 घंटे पहले जगते हैं तो आप अपने फिट रहने के लिए खुद ही कई तरह के वर्कआउट करने लगेंगे। अगर कुछ नहीं करेंगे तो ऑफिस के लिए समय पर तैयार हो जाएंगे। अपने आज के काम के शेड्यूल की अच्छी सी तैयारी कर लेंगे। इस सबसे भी फिट रहने में मदद मिलती है।

**करें 25 मिनट की सैर:** सुनने में अजीब लग सकता है, लेकिन आजमाकर देखिए। यह छोटी-सी टिप्स आपकी सोच बदल देगी। भले आप फिट रहने के लिए किसी भी तरह का कोई उपाय ना करें, सिर्फ हर दिन सुबह 25 मिनट की सैर कर लें, तो आपकी फिटनेस का लेवल ठीक-ठाक हो जाएगा। सैर करने के कई फायदे हैं। सैर करने का मतलब सिर्फ कैलोरी बर्न करना ही नहीं है, जब हम सुबह सैर के लिए निकलते हैं, तो 5-10 मिनट में ही हमारा शरीर वॉक के लिए अनुकूल होने लगता है और धीरे-धीरे हमें वॉकिंग में आनंद आने लगता है। अगर हम 25 मिनट अच्छी तरह से वॉक कर लेते हैं तो हर दिन 9 से 10 हजार कदम चल लेते हैं। यह एक ऐसा व्यायाम है, जिसमें किसी तरह का रिस्क नहीं है और अनेक फायदे हैं। इस 25 मिनट के वॉक से आप पूरे दिन एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

**एक घंटे का डिजिटल डिटॉक्स:** अगर आपकी भी लाइफस्टाइल में सुबह जगते ही फेसबुक के नोटिफिकेशन, रात और सुबह में आए व्हाट्सएप मैसेज और दूसरों की पोस्ट देखने की है, तो कम से कम सुबह के समय बहुत कड़ाई के साथ एक घंटे के लिए इस सब पर रोक लगा दें। अगर सुबह एक घंटे तक आपने मोबाइल फोन ऑन नहीं किया और अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में व्यस्त रहे, फिट रहने के उपायों से दो-चार होते रहे, तो यकीन मानिए इसका असर आपको महसूस होने लगेगा। आज पूरी दुनिया की फिटनेस इंडस्ट्रीज मानती है कि मोबाइल फोन ने लोगों को बहुत ज्यादा आलसी बना दिया है। यह एक ऐसा नशा है, जो धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य को अपनी गिरफ्त में ले लेता है, क्योंकि हम लगातार बैठे रहने के कारण निष्क्रिय और आलसी हो जाते हैं।

**थोड़ी देर योगा-मेडिटेशन:** भले 15-15 मिनट ही योगा और मेडिटेशन को दें या दोनों में से किसी एक को। लेकिन ये 15 मिनट भी आपकी चाल-ढाल, रहन-सहन में आमूल-चूल परिवर्तन कर देंगे। फिट रहने की छोटी-छोटी कोशिशें करनी होती हैं और ये कोशिशें हमें उम्मीद से ज्यादा फिट और तरह-तरह की बीमारियों से दूर रखती हैं। मेडिटेशन का अभ्यास तो आप स्वयं सीख सकते हैं। योगासन का अभ्यास करने के लिए एक बार अनुभवी प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीख लें।

यहां बताई गई बातों को फॉलो करें और देखिए, आप कुछ ही दिनों में हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक हो जाएंगे। *

## खबर संक्षेप

### डिप्लोमा इंजीनियर एसो. के प्रधान बने देवकरण

**सिरसा।** डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन सिरसा के सदस्यों की बैठक हुई जिसमें नई कार्यकारिणी गठित की गई। इस दौरान स्टेट कार्यकारिणी के होने वाले चुनाव, प्रमोशन, स्केल और ओपीएस के बारे में भी विचार विमर्श किया गया। कार्यकारिणी में देवकरण को प्रधान और रमेश वर्तिया को उपप्रधान बनाया गया।

### दो युवक 10 किलो चूरापोस्त सहित पकड़े

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान लंबी क्षेत्र से बाइक सवार दो युवकों को 10 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि एएसआई सत्यदेव के नेतृत्व में थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान डबवाली से गोरीवाला रोड पर लंबी टी प्वांइट पर नाका लगाकर वाहनों की जांच कर रहे थे। इस दौरान झुठीखेड़ा की ओर से एक बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए। सामने पुलिस को देखकर बाइक सवार बाइक को वापस मोडक़र भागने का प्रयास किया।

### कीर्ति गर्ग बने व्यापार मंडल के शहरी प्रधान

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल जिला सिरसा के अध्यक्ष हीरालाल शर्मा ने सिरसा शहरी कार्यकारिणी का गठन किया है। हीरालाल शर्मा ने बताया कि आढ़तियान एसोसिएशन के पूर्व उपप्रधान कीर्ति गर्ग को हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल का सिरसा शहरी प्रधान, पुरुषोतम गोयल, रामकृष्ण गोयल, स. कंवलजीत सिंह को संरक्षक व अश्विनी कुमार बंसल को महासचिव नियुक्त किया गया है। वहीं केदार पाहवा को जिला उपप्रधान एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया है।

### ग्राहक सेवा केंद्र से दिनदहाड़े नकदी चोरी

**डबवाली।** गांव गोरीवाला में ग्राहक सेवा केंद्र का ताला तोडक़र अज्ञात युवक 1 लाख 80 हजार की नकदी उड़ा कर ले गया। मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय स्टेट बैंक के पास स्थित ग्राहक सेवा केंद्र्र का संचालक रवि सुथार दोपहर के समय केंद्र को ताला लगाकर कहीं चला गया। इसी दौरान दो अज्ञात युवकों ने केंद्र का ताला तोड़ा और यहां अंदर रखी नगदी चुरा ली। रवि कुमार जब केंद्र में आया तो उसने ताला टूटा हुआ देखा। इसके बाद अंदर जाकर देखा तो नगदी गायब थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

### 'नैना देवी आउन संगता' गीत की हुई शूटिंग

**रतिया।** रतिया की राज रिकॉर्डिंग म्यूजिक कंपनी द्वारा 21 जुलाई को रिलीज की जा रही माता के भजनों की एलबम 'नैना देवी आउन संगता' के भजनों की शहर व गांवों के विभिन्न मंदिरों में शूटिंग की गई। गीतों को प्रमुख जगहों पर फिल्माया गया। कंपनी निदेशक राज ने बताया कि गीत को प्रसिद्व धार्मिक गायक जगसीर खुशदिल ने गाया है। भजन को गीतकार बलदेव बरेटा ने लिखा है। वीडियो राज ने खुद तैयार की है। एलबम को 21 जुलाई को आन लाइन रिलीज किया जाएगा। इसमें जुगनू ने विशेष सहयोग किया हैं।

### संस्कृति सप्ताह का प्रभु कीर्तन के साथ शुभारंभ

**रतिया।** भारत विकास परिषद शाखा रतिया द्वारा संस्कृति सप्ताह का शुभारंभ श्री राम आश्रम मंदिर, मॉडल टाउन में प्रभु के कीर्तन के साथ किया गया। यह कार्यक्रम शाखा महिला प्रमुख डॉ. सबीना जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कीर्तन में गाए गए भगवान के भजनों पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। शाखा महिला प्रमुख सबीना जैन ने कहा कि भाविप रतिया के महिला सदस्यों द्वारा यह सप्ताह संस्कृति सप्ताह के तौर पर मनाया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन भाविप के द्वारा किसी न किसी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महिला संस्कार प्रमुख रजनी गर्ग, महिला संपर्क प्रमुख स्नेहा मेहता, अनीता खुराना, कांता मालिक, शिवाली मंगला, पुष्पा रानी, अन्नू गुप्ता व परिषद के अन्य महिला सदस्य और श्रद्धालु उपस्थित थे।

---

### उपायुक्त आरके सिंह ने उपयोग किए जाने वाले उपकरणों की जांच की

# बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारी उपकरणों को रखें दुरुस्त

केंद्र के हेल्पलाइन नंबर 01666-248882 पर 24 घंटे कर्मचारी तैनात रहने चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

उपायुक्त आरके सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष जिला में आई बाढ़ के अनुभवों से सीख लेते हुए इस वर्ष अधिकारी पूरी तरह से सतर्क रहें, अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियां पूर्ण रखें। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ नियंत्रण केंद्र के हेल्पलाइन नंबर 01666-248882 पर 24 घंटे कर्मचारी तैनात रहने चाहिए ताकि किसी भी सूचना पर तुरंत संज्ञान लिया जा सके। यदि कहीं से भी शिकायत आती है तो उसे रजिस्टर में नोट करें और संबंधित उच्च अधिकारी को अवगत करवाएं ताकि समस्या से समय रहते निपटा जा सके। उपायुक्त आर.के. सिंह ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष के बाहर बाढ़ की स्थिति के दौरान उपयोग किए जाने वाले उपकरणों की जांच कर रहे थे।



सिरसा। उपकरणों का जायजा लेते उपायुक्त आरके सिंह।

#### दिशा निर्देश दिए

इस अवसर पर गौताखोर द्वारा उपकरणों को पहन कर दिखाया गया। इसके अलावा गत दिनों उपायुक्त ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारी लगातार घग्गर में जलस्तर पर निगरानी रखें तथा अपनी मशीनरी को दुरुस्त रखें। सभी अधिकारी अपने कर्मचारियों की घग्गर तटबंधों पर ड्यूटियां लगाए ताकि जलस्तर पर निगरानी रखी जा सके। इसके अलावा ग्रामीणों से भी तालमेल बनाए रखें, गत वर्ष आई आपदा के दौरान ग्रामीणों को विशेष सहयोग रहा था।

## बाढ़ मुआवजा न मिलने पर किसानों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

क्षेत्र में गत वर्ष आई बाढ़ से फसलों को हुए भारी नुकसान का पीड़ित किसानों को सरकार और प्रशासन के आश्वासन के बाद भी आज तक मुआवजा नहीं मिला है। मुआवजे की मांग को लेकर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में क्षेत्रीय किसान पिछले लंबे समय से जाखल उप तहसील कार्यालय में धरनारत है। मुआवजा न मिलने को लेकर किसानों में काफी गुस्सा है। इसे लेकर अब पगड़ी संभाल जट्टा, किसान संघर्ष समिति द्वारा आज सरकार के विरुद्ध बड़े स्तर पर संघर्ष करने की रणनीति तैयार की जाएगी। जाखल तहसील कमेटी के अध्यक्ष लाभ सिंह, जग्गी महल और जगतार गोरा ने बताया कि 18 जुलाई को सुबह 11 बजे जाखल उप तहसील कार्यालय में धरना स्थल पर जाखल ब्लॉक स्तरीय कमेटी की मीटिंग आयोजित की जाएगी। किसान कमेटी की आज रखी गई मीटिंग के बाद ही विरोध प्रदर्शन को लेकर बड़ा फैसला लिया जाएगा।



**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर किसान लीला सिंह, बलजिंदर, लक्ष्मण सिंह, कुलविंदर मेंबर, लाल सिंह, पूरा प्रेमी, भोला सिंह, भान सिंह, सुखपाल सिंह, गुरचरण सिंह लहल कला आदि किसान मौजूद थे।

---

## श्री ब्राह्मण सभा कार्यकारिणी का जल्द होगा गठनः प्रो. शर्मा



**सिरसा।** श्री ब्राह्मण सभा के प्रधान प्रो. दयानंद शर्मा ने कहा कि पिछले एक साल से श्री ब्राह्मण सभा समाज के लिए बेहतरीन काम कर रही है। अब श्री ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी की आमसभा की बैठक बुलाकर जल्द से जल्द गठन किया जाएगा। वे बुधवार को मीडिया से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने कहा कि इतिहास में आज तक सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन हुआ है, अगर सर्वसम्मति नहीं हुई तो चुनाव करवाया जाएगा। कार्यकारिणी को लेकर सदस्यता अभियान भी जोर-शोर से चलाया जा रहा है। प्रो. शर्मा ने कहा कि विजय जोशी को सदस्यता अभियान का प्रमुख बनाया गया है, जो लगातार इस अभियान को गतिमान बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि बीती 12 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें सर्वसमाज के लोगों ने भागीदारी कर समाज की एकता का संदेश दिया। उन्होंने समाज के बुद्धिजीवी लोगों से आह्वान किया कि वे समाज को एकजुट करने में अपना अहम योगदान दें। इस मौके पर सदस्यता अभियान प्रमुख विजय जोशी ने बताया कि सदस्यता अभियान को लेकर लोगों से संपर्क साधा जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री ब्राह्मण सभा की ओर से जो जिम्मेदारी दी जाएगी, उसे वे ससम्मान व पूरी निष्ठा से निभाएंगे और समाज के उत्थान के लिए हमेशा कार्यशील रहेंगे।

### महिला को बेसुध कर सोने के गहने छीने

**रतिया।** मण्डी रोड पर कुछ युवकों ने एक महिला को पहले बातों में उलझाया और बाद में कुछ सुंघाकर उससे सोने के गहने छीनकर फरार हो गए। इस बारे पीड़ित महिला की बेटी ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में नहर कालोनी रतिया निवासी डिम्पल गोयल ने कहा है कि उसकी माता कृष्णा देवी सुबह टिब्बा कालोनी निवासी उसके मामा से मिलने के लिए जा रही थी। जैसे ही वह मण्डी रोड पर पंजाब नेशनल बैंक के पास पहुंची तो वहां तीन युवकों ने उसकी माता को बातों में उलझा लिया और उन्हें कुछ सुंघा दिया। इसके बाद युवकों ने कृष्णा देवी के हाथों में पहनी हुई सोने की दो चूड़ियां व अंगूली में डाली एक अंगूठी निकालकर फरार हो गए।

### जिले से दो युवकों सहित तीन लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवकों सहित तीन लोगों के लापता होने का समाचार है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में हनुमान नगर, दमकौरा रोड टोहाना निवासी संजय कुमार ने कहा है कि उसका भाई 30 वर्षीय सुनील कुमार गत दिवस सुबह करीब 7 बजे घर से काम के लिए गया था और वापस नहीं लौटा। तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस बारे पुलिस ने केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 23 वर्षीय लड़की के व सदर टोहाना पुलिस ने गांव रहनवाली निवासी बूटा सिंह की शिकायत पर जगविंदर सिंह के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

---

## हर्षोल्लास से हुआ जैन साध्वियों का प्रवेश

- साध्वियां आगामी चार माह तक रहकर प्रवचन करेंगी
- प्रवचन का समय सुबह 8 बजे से 9 बजे तक रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

चातुर्मास के शुभारंभ पर सिरसा के रोड़ी बाजार में स्थित जैन स्थानक में जैन साध्वियों का मंगल प्रवेश करवाया गया। प्रवक्ता कमल जैन ने बताया कि मंगल प्रवेश से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जोकि शहर के सी ब्लॉक से शुरू हुई और शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए रोड़ी बाजार स्थित जैन स्थानक में पहुंची। एसएस जैन सभा के प्रधान मनोहरलाल जैन ने बताया कि आज से चातुर्मास शुरू हो गया है और जैन संतों का जैन स्थानक में मंगल प्रवेश करवाया गया। जैन साध्वियां यहां आगामी चार माह तक रहकर प्रवचन करेंगी। उन्होंने बताया कि प्रवचन का समय सुबह 8 बजे से 9 बजे तक रहेगा। जैन ने बताया कि चार माह तक जैन साध्वियां यहां भगवान महावीर के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने व पाखंड से दूर रहने का संदेश देंगी।



सिरसा। चातुर्मास के शुभारंभ पर नगर में प्रवेश करने के बाद प्रवचन करते हुए जैन साध्वियां।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर उपप्रधान हरीश जैन, महासचिव वेद प्रकाश जैन, सचिव मोहित जैन, खजांची मनीष जैन, राजकुमार जैन, सुरेंद्र कुमार जैन, कुलभूषण जैन, प्रेम कुमार, सुरेश कुमार, राजकुमार जैन, सुदर्शन जैन, मनीत जैन, नरेश जैन, अमित जैन, मनीष जैन, कुणाल जैन, अमन जैन, मिकिल जैन, आशीष जैन, मनीष जैन उपस्थित थे।

### चोरीशुदा लैपटॉप व नकदी के साथ युवक काबू

**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सुचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को चोरीशुदा लैपटॉप व कुछ नकदी के साथ काबू किया है। शहर थाना प्रभारी सत्यवान ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान वीर सिंह उर्फ वीरु पुत्र ओमप्रकाश निवासी पंजुआना जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया की बीती 23 जून की रात को नोहरिया बाजार स्थित बावड़ीवाली गली में एक घर से अज्ञात लोग जेवरात, लैपटॉप व नकदी चुरा कर ले गए थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्जकर जांच शुरु की गई थी। पुलिस ने एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरीशुदा जेवरात व नकदी बरामद कर ली थी।

## काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

- आधा दर्जन अन्य मांगे पूरी न होने पर हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन ने विरोध जताया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

नियमितिकरण की पॉलिसी न बनाने सहित आधा दर्जन अन्य मांगे पूरी न होने पर हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन, हरियाणा के सदस्यों ने जिला में एकजुट होकर विरोध जताया। दो दिवसीय इस विरोध में सभी हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स काली पट्टी बांधकर शामिल हुए। 18 जुलाई को जिला के अनेक विभागों, निगम व बोर्ड में कार्यरत सभी हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल सामूहिक अवकाश लेकर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के विधायकों को अपना मांग पत्र सौपेंगे।

बता दें कि उल्लेखनीय है कि एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ढांडा की अध्यक्षता में विभिन्न जिलों की कार्यकारिणी व सदस्यों की ऑनलाइन हुई बैठक के बाद यह विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया है। 21 जुलाई रविवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों से हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल पंचकूला में इक_I होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री कार्यालय तक मार्च पास्ट किया जाएगा और अपनी नियमितिकरण की पॉलिसी बनाने सहित अन्य मांगों को पूरा करवाने के लिए ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।



फतेहाबाद। काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स।

---

### महिलाओं को देंगे ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षणः परमजीत

**सिरसा।** हरियाणा महिला विकास निगम पंचकुला द्वारा केवल हरियाणा की बीपीएल परिवार की स्थाई निवासी लड़कियों-महिलाओं के लिए 10 दिन का ई-रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इच्छुक महिलाएं 19 जुलाई तक जिला प्रबंधक हरियाणा महिला विकास निगम के कार्यालय में आवेदन कर सकती है। यह प्रशिक्षण महिलाओं को निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। जिला प्रबंधक परमजीत कौर ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को ई-आटो रिक्शा हरियाणा महिला विकास निगम की स्कीम के माध्यम से सब्सिडी पर पंजाब नेशनल बैंक से लोन दिलवाया जाएगा।

## भाजपा राज में महंगाई बढ़ीः सुभाष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा के नेतृत्व में भाजपा कुशासन की नीतियों की पोल खोलने के लिए 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान की शुरूआत की गई है। फतेहाबाद में इस मुहिम को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष खिलेरी ने अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने आज अपनी टीम के साथ जाखल के बाजारों में डोर टू डोर अभियान चलाया। उन्होंने दुकानदारों से उनकी समस्याओं के बारे में जाना और कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए अभियान का हिस्सा बनने की अपील की। सुभाष खिलेरी ने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी और अपराध के मामले में नंबर वन बन चुका है। सरकार की गलत नीतियों की पोल खोलने और उसके द्वारा लिए गए जनविरोधी फैसलों का हिसाब मांगने के लिए सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने इस प्रदेशव्यापी अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के दौरान वे प्रदेश के सभी 90 हलकों में पदयात्रा निकालकर लोगों के बीच जाएंगे और भाजपा से जनता से जुड़े सवाल पूछेंगे वहीं विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर भी सुझाव लेंगे। इस अभियान के दौरान उनके साथ कृष्ण बेनीवाल, जोगी राम हड़ोली, कुलदीप गोदारा, सर्बजीत, मखन आदि भी मौजूद रहे।



जाखल। बाजारों में डोर टू डोर अभियान चलाते कांग्रेस नेता सुभाष खिलेरी।

- सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने इस अभियान की शुरूआत की

### नौकरी का झांसा देकर 89 हजार ठगे

**डबवाली।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम में नौकरी लगाने का झांसा देकर दो युवकों ने डबवाली निवासी एक युवक से 89 रुपये ठग लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में डबवाली निवासी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वह हरियाणा कौशल रोजगार के तहत नौकरी लगना चाहता था। गांव रिसालिया खेड़ा निवासी कृष्ण कुमार से उसका संपर्क हो गया। कृष्ण ने कहा कि वह उसे नौकरी लगवा देगा। इसके बाद भूपेंद्र ने फार्म भर दिया। कृष्ण ने उसे हिसार निवासी नवीन कुमार से मिलवाया। नवीन ने नौकरी लगवाने में की एवज में 89 रुपए मांगे। भूपेंद्र ने बताया कि उसने अलग-अलग करके 89 हजार रुपए दे दिए।

## गुरु दक्ष प्रजापति महाराज की जयंती 28 जुलाई मनाई जाएगी : रामनिवास



फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला।

- जयंती समारोह के चेयरमेन ने फतेहाबाद में की बैठक, कर दिया न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

प्रजापति समाज हिसार में 28 जुलाई को महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती मनाएगा। प्रजापति समाज की ओर से दक्ष प्रजापति जयंती समारोह के लिए बरवाला से पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला को चेयरमैन नियुक्त किया गया है। पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला ने जयंती समारोह में प्रजापति समुदाय की भीड़ जुटाने के लिए फतेहाबाद में मुकेश प्रजापति को जिम्मेदारी दी है। फतेहाबाद जिले से हजारों की संख्या में लोग हिसार में आयोजित होने वाली गुरु दक्ष प्रजापति जी की जयंती समारोह में पहुंचेंगे। बुधवार को फतेहाबाद के लोकनिर्माण विश्राम गृह में पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला ने समाज के प्रबुद्ध लोगों की बैठक की। पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला ने कहा कि जयंती समारोह के लिए हर गांवों में न्यौता दिया जा रहा है और जयंती समारोह का आमंत्रण भेजा जा जा रहा है। जयंती समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यातिथि होंगे, जबकि उनके साथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान और सभी विधायक व सांसद मौजूद रहेंगे। रामनिवास घोड़ेला ने कहा कि भाजपा दलित व पिछड़ा विरोधी है। भाजपा ने लोकसभा चुनावों में युवाओं को धर्म और जाति की राजनीति में झोंकने का प्रयास किया। भाजपा की मंशा है कि वंचित वर्गों के युवा सिर्फ उसका झंडा उठाकर गलियों में घूमते रहे। उन्होंने कहा कि अब एससी ओबीसी समाज बीजेपी की चाल को समझ चुका है, इसलिए उसने लोकसभा चुनाव में बीजेपी को जोरदार जवाब दिया है। अब विधानसभा चुनाव में अपनी करारी हार सामने देख बीजेपी ओबीसी वर्ग को रिझाने के लिए घोषणाएं कर रही है। रामनिवास घोड़ेला ने कहा कि भाजपा को विधानसभा चुनाव में दलित व पिछड़ों से वोट नहीं माफी मांगनी चाहिए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर प्रधान मुकेश प्रजापति, बलवंत नोखवाल, बलजीत खोवाल, रामा पेंटर, भागचंद प्रजापति, प्रधान बलवंत सिंह नंबरदार, बलवीर सिंह गदर, गोखर नोखवाल, युवा नेता दीपक प्रजापति, वीर सिंह प्रजापति नाढोडी, मोहर सिंह प्रजापति आदि मौजूद रहे।

---

### समस्या को लेकर कॉलोनी की दर्जनों महिलाएं एडीसी से मिली

# सीवरेज मिक्सिंग के साथ हो रही पेयजल आपूर्ति

- एडीसी ने जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

शक्ति नगर की मुख्य गली में अंडरग्राउंड सीवरेज लाइन टूटने की वजह से यहां रहने वाले लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई है। आलम यह है कि बीते एक सप्ताह से घरों में हो रही पेयजल आपूर्ति में सीवरेज गंदगी मिक्स होकर आने लगी है। समाधान की गुहार लेकर मोहल्ला की गृहणियों का प्रतिनिधिमंडल, सामाजिक कार्यकर्ता हरदीप सिंह के साथ लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी से मिला। समस्या की गंभीरता को देखते हुए एडीसी ने जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को तुरंत प्रभाव से समस्या निदान के निर्देश दिए हैं। लघु सचिवालय पहुंची महिलाओं में किरण देवी, मंजू रानी, नन्ही देवी, रेखा, विद्या, लक्ष्मी देवी, अन्नू आदि ने बताया कि नगर परिषद ने उनकी गलियों के निर्माण में भारी अनियमतताएं बरती हैं। पहले उनकी सीसी गली बनी हुई थी। इतना ही नहीं जन स्वास्थ्य विभाग ने भी गलियों की अंडरग्राउंड पाइपों की गली निर्माण के समय कोई सूध नहीं ली। अब हालात यह बन गए हैं कि अंडरग्रांउड सीवरेज लाइन अनेक जगह से टूट चुकी है। सीवरेज की पेयजल आपूर्ति वाली पाइपों के जरीए पीने वाली पानी में भी आने लगी है। जिसकी वजह से उनके घरों में गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। सामाजिक कार्यकर्ता हरदीप सिंह ने बताया कि एडीसी राहुल मोदी ने कार्यकारी अभियंता को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, लेकिन उनके निर्देशों पर अमल कितना होगा यह कहा नहीं जा सकता। इससे पहले भी जिला उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त व एसडीएम ने जन समस्याओं पर निदान के लिए निर्देश तो सख्त लहजे में जारी किए लेकिन उनके निर्देशों पर लंबा समय बीतने के बावजूद अमल न होना, प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान



फतेहाबाद। लघु सचिवालय समस्या निदान की गुहार लेकर पहुंची शक्ति नगर की महिलाएं व सामाजिक कार्यकर्ता।

## खबर संक्षेप

### आरसेटी में 22 से शुरू होगा कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग का कोर्स

**फतेहाबाद।** भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पंचायत भवन में संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में ग्रामीण युवक-युवतियों के लिए 22 जुलाई से 30 दिवसीय कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग का कोर्स शुरू किया जाएगा। कोर्स करने के इच्छुक युवक-युवतियां 20 तक अपने दस्तावेज जमा करवा सकते हैं। संस्थान के निदेशक उम्मेद सिंह ने बताया कि 30 दिवसीय कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग कोर्स में दाखिले के लिए इच्छुक 18 से 45 वर्ष आयु वाले ग्रामीण आवेदन कर सकते है।

### कमलेश बनीं पंचायत राज संगठन की जिलाध्यक्ष

**फतेहाबाद।** समाजसेविका कमलेश राय को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन महिला का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पंचयती राज संगठन के चेयरमैन डॉ. सुनील कुमार ने उन्हें नियुक्ति पत्र दिया। इस अवसर पर कमलेश राय ने पूर्व राष्ट्रीयध्यक्ष सोनिया गांधी, राष्ट्रीय कांग्रेसध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, पंचयती राज संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मीनाक्षी नटराजन व चेयरमैन डॉ. सुनील पंवार, जिला अध्यक्ष राजबीर सोनी का आभार प्रकट किया।

### चोरी के आरोपी को कुछ ही घंटों में पकड़ा, केस

**फतेहाबाद।** चोरों की धरपकड़ करते हुए टोहाना पुलिस ने एक मामले में तत्परता से कार्रवाई की और वारदात के कुछ ही घंटों में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक की पहचान विजय पुत्र केला निवासी शक्करपुरा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से चुराई गई 1500 रुपये की नकदी व गेहूं को बरामद कर लिया है। आरोपी को आज माननीय अदालत में पेश कर हिसार जेल भेज दिया है। टोहाना पुलिस ने इस बारे 15 जुलाई को गांव गुल्लरवाला निवासी रणजीत सिंह की शिकायत पर चोरी के आरोप में केस दर्ज किया है।

### जांडली कलां में मकान से गहने चोरी, केस

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव जाण्डली कलां में एक मकान में घुसकर सोने व चांदी के गहने चोरी कर लिए। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच की। पुलिस को दी शिकायत में गांव जाण्डली कलां निवासी देवीलाल ने कहा है कि उसका गोरखपुर रोड पर मकान है। गत दिवस रात को परिवार के लोग सो गए थे। सुबह जब वह उठा तो उसने देखा कि उसके मकान के ताले टूटे पड़े थे और कमरों में सामान बिखरा हुआ था।

### डिलीवरी ब्वॉय के बैग से तीन पार्सल चोरी

**सिरसा।** पार्सल देने जा रहे कोरियर ब्वॉय के बैग से बाइक सवार युवक हजारों रुपए के तीन पार्सल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव अलीकां निवासी बलविंद्र सिंह ने बताया कि वह ऑनलाइन पार्सल डिलीवरी करवाता है। उसने बताया कि बीती 9 जुलाई की शाम को वह जोगीवाला रोड पर पार्सल देने के लिए जा रहा था। इसी दौरान बाइक रोककर वह बाथरूम करने के लिए रूका था। तभी पीछे से आए बाइक सवार युवक उसके बैग से तीन पार्सल, जिनमें से एक 36098 रुपये, 144 व 356 रुपये के पार्सल चोरी हो गए।

### अलीकां हत्याकांड में संलिप्त एक और आरोपी काबू

**डबवाली।** शहर थाना पुलिस ने अलीकां हत्याकांड मामले में संलिप्त एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनप्रीत सिंह रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर लिया है। शहर थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि बीती 4 जुलाई को कर्मतेज सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी अलीकां के बयान पर नामजद आरोपियों द्वारा उसके पिता के पर तेजधार हथियारों से जानलेवा हमला करने व इलाज के दौरान उसके पिता की मौत होने पर मामला दर्ज किया गया था।

---

### समाधान की गुहार लेकर डीसी दरबार पहुंचे थे स्वामीनगर के लोग

# राहत : अब स्वामी नगर से टैंकरों से निकाला जाएगा गलियों में जमा पानी

**एसडीएम ने प्रतिनिधिमंडल से बैठक कर निकाला अस्थाई हल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। जल निकासी समस्या को लेकर तीसरी बार समाधान शिविर पहुंचे स्वामी नगर के लोग। *फोटो : हरिभूमि*

स्वामी नगर में लंबे समय से चल रही जल निकासी की समस्या समाधान शिविर में डीसी के निर्देशों के बाद भी हल नहीं हुई तो एक बार फिर डीसी दरबार पहुंच गए। बड़ी संख्या में महिला-पुरूष पार्षद मोहनलाल नारंग, जिन्दगी संस्था प्रधान हरदीप सिंह व ज्ञानीराम के साथ लघु सचिवालय में एकत्रित हुए। यहां जिला उपायुक्त के निर्देशों पर उपमंडलाधीश राजेश कुमार ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। डीसी के निर्देश पर भी अधिकारियों की बेरूखी पर एसडीएम राजेश कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। अस्थाई समाधान के तहत निर्णय लिया गया कि प्रशासन स्वामी नगर में जल निकासी के लिए टैंकर मशीन का प्रयोग करेगा। साथ ही वार्ड में खड़े पानी की वजह से बीमारियों की रोकथाम के लिए सीएमओ को दवा छिडक़ाव के निर्देश भी दिए।

गौरतलब है कि करीब 10 दिन पूर्व वार्ड के लोगों ने जल निकासी समस्या से त्रस्त होकर सामाजिक कार्यकर्ता हरदीप सिंह के साथ रोष प्रकट किया था। विधायक कार्यालय घेराव की चेतावनी तक दी गई, जिस पर ईओ ने तीन दिन में समाधान का आश्वासन दिया। जब ईओ का आश्वासन भी फेल साबित हुआ तो एक सप्ताह पहले हरदीप सिंह के नेतृत्व में मोहल्ला वासी जिला उपायुक्त के समक्ष समाधान शिविर में पेश हुए। यहां डीसी राहुल नरवाल के निर्देश पर एसडीएम राजेश कुमार और जन स्वास्थ्य विभाग एसडीओ सतपाल रोहज की टीम स्वामी नगर हालात का जायजा लेने पहुंची थी। उनके जायजा लेने के 5 दिन बीत जाने पर भी निदान नहीं हुआ तो पार्षद मोहन लाल नारंग, ज्ञानीराम नायक व हरदीप सिंह के साथ लघु सचिवालय पहुंच गए। जहां एसडीएम ने अस्थाई समाधान निकाला है।

**जनसमस्याओं के निदान पर गंभीरता नहीं दिखा रहे विभागीय अधिकारी**

सामाजिक कार्यकर्ता हरदीप सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में लगातार लोग अपने क्षेत्र की समस्याओं के निदान की गुहार लेकर पहुंच रहे हैं। जिला उपायुक्त, एडीसी और एसडीएम इनके निदान के संबंधित विभागों को सख्त निर्देश भी देते हैं, लेकिन उनके निर्देशों पर विभागीय अधिकारी सप्ताह भर बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाते। उनका यह रवैया दर्शाता है कि जनसमस्याओं के निदान या जिला उपायुक्त के निर्देश उनके लिए कोई मायने नहीं रखते। स्वामी नगर के लिए एसडीएम ने गंभीरता दिखाते हुए अस्थाई हल निकालने पर काम शुरू करवाया है। यह भी तभी सिरे चढ़ेगा, जब संबंधित विभाग इसे जमीनी स्तर पर अमली जामा पहनाएंगे।

---



फतेहाबाद। शिक्षाविद् व साहित्यकार डाक्टर ओमप्रकाश कादयान को स्किल साथी अवार्ड से सम्मानित करते अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

### साहित्यकार ओमप्रकाश कादयान स्किल साथी अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव मोहम्मदपुर रोही स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक एवं प्रसिद्ध साहित्यकार डॉक्टर ओमप्रकाश कादयान को स्किल साथी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें ये सम्मान शिक्षक व साहित्यकार के रूप में समाज का मार्ग दर्शन करने व बच्चों में कौशल विकास का निर्माण करने के लिए दिया गया। डॉ. कादयान को मिले इस सम्मान पर फतेहाबाद की जिला शिक्षा संगीता बिश्नोई, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वेद सिंह दहिया, खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह, स्कूल के प्राचार्य व शिक्षाविद् भगवान दत्त, शिक्षाविद् सर्वजीत सिंह मान, विद्यालय के स्टाफ सदस्यों व मित्रों ने शुभकामनाएं दी और इस पर खुशी जाहिर की है। बता दें कि शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान न केवल शिक्षक के रूप में बल्कि एक साहित्यकार के रूप में अपनी रचनाओं के लिए देशभर में जाने जाते हैं। विश्व युवा कौशल दिवस पर हिसार के उत्तरी भारत कृषि मशीनरी प्रशिक्षण संस्थान में जंभ शक्ति एनजीओ के तत्वाधान में स्मार्ट स्किल कॉलेज द्वारा उन्हें स्किल साथी अवार्ड से सम्मानित गया है।। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य साधुराम जाखड़, संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

---



फतेहाबाद। पुलिस हिरासत में पकड़ा गया आरोपी। *फोटो : हरिभूमि*

### साले को धमकाने व उसकी पत्नी को ले जाने वाला जीजा गिरफ्तार

- शादी के नीयत से भागने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के कुलां क्षेत्र में अपनी पत्नी की मौत के बाद अपने साले की पत्नी को शादी की नीयत से ले जाने और अपने साले को धमकाने के मामले में कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस ने आरोपी जीजा संजय कुमार उर्फ संजू निवासी हांसी व उसके साथी यशपाल निवासी ढाणी पाल, हांसी को गिरफ्तार कर लिया है। इस बारे सदर टोहाना पुलिस ने 6 जुलाई 2024 को कुलां निवासी सूरज की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी बहन की मौत के बाद उसके जीजा संजय व उसकी पत्नी में अवैध सम्बंध हो गए और संजय ने उसे अज्ञात नंबरों से फोन कर धमकाना शुरू कर दिया। उसने कहा कि संजय शादी की नीयत से उसकी पत्नी को अपने साथ ले गया है। उसकी पत्नी घर से सोने के गहने व 25 हजार रुपये भी ले गई है। इस बारे पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल की और आगामी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

---

## प्रदेश को अपराध मुक्त बनाएगा गठबंधन : इनेलो

- इनेलो महासचिव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। पत्रकारों से बात करते हुए अभय सिंह चौटाला। *फोटो : हरिभूमि*

इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव व ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश में अगली सरकार इनेलो बसपा गठबंधन की होगी और गठबंधन सरकार हरियाणा को नशा व अपराधमुक्त शासन देगी। अभय चौटाला बुधवार को डबवाली रोड स्थित इनेलो जिला कार्यालय में इनेलो बसपा गठबंधन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल ने सबसे पहले अनुसूचित जाति के लोगों को राजनीतिक तौर पर सशक्त बनाते हुए उन्हें लोकसभा व विधानसभा में भेजा। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रदेश की जनता व गठबंधन कार्यकर्ताओं पर पूरा भरोसा है कि वे प्रदेश में गठबंधन सरकार के गठन के लिए हरसंभव कोशिश करेंगे। उन्होंने इस दौरान कहा कि दोनों दलों के 20 से 23 जुलाई तक संयुक्त कार्यक्रम बनाए गए हैं जिसमें 20 को हलका रानियां की बैठक शाम 7 बजे इनेलो जिला कार्यालय में, 21 को हलका कालांवाली की बैठक इनेलो जिला कार्यालय में व 23 जुलाई को हलका सिरसा की बैठक इनेलो जिला कार्यालय में ही की जाएगी। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए अभय चौटाला ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा कहते हैं कि इनेलो बसपा गठबंधन वोट काटने के लिए बना है तो वे पूर्व सीएम हुड्डा से पूछते हैं कि उन्होंने इंडिया गठबंधन से गठबंधन क्यों किया और यूपी में अखिलेश के साथ क्यों हाथ मिलाया, चौटाला ने कांग्रेस को हरियाणा में भाजपा की बी टीम बताया।

उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा के शासन में अपने लाभ के लिए प्रदेश की 72 एकड़ बेशकीमती भूमि बिल्डर्स को औने पौने दामों में देने का मामला सभी को याद है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द गठबंधन के सामूहिक कार्यक्रमों की घोषणा होगी और इन्हीं कार्यक्रमों के तहत बसपा सुप्रीमो मायावती भी हरियाणा आएंगी।

### कर्मचारी आज करेंगे विरोध प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** सर्व कर्मचारी के संघ के आह्वान पर जिलेभर से सैंकड़ों कर्मचारी 18 जुलाई को फतेहाबाद में जिला स्तर पर जोरदार प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन में रोडवेज, बिजली बोर्ड, नगरपालिका, शिक्षा विभाग, फायर, पैक्स, स्वास्थ्य विभाग, मार्केट कमेटी, पटवार एवं कानूनगो, वन विभाग, आंगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, मिड डे मील वर्करों के अलावा सीटू से जुड़े मजदूर, किसान, छात्र और रिटायर्ड कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। प्रदर्शन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भूप सिंह भड़ोलांवाली व जिला सचिव सुरजीत दुसाद ने बताया कि प्रदर्शन के माध्यम से कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, पुरानी पेंशन बहाली, कौशल रोजगार निगम की समाप्ति, लाखों खाली पड़े पदों पर नियम से नियमित भर्तियां करने व अन्य मांगों को पूरा करने की मांग की।

### खंड स्तरीय पर राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल नाथूसरी चौपटा ने विशेष स्थान प्राप्त किया

**चोपटा।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाथूसरी चौपटा के प्रांगण में बुधवार को खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाथूसरी चोपटा के छात्रों ने पावर पॉइंट पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया और डॉक्यूमेंट्री फिल्म में भी प्रथम स्थान हासिल किया और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा भाषण प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया विद्यालय के सभी छात्रों ने इसमें विशेष ख्याति प्राप्त की। स्कूल के प्रधानाचार्य रामेश्वर भादु ने इस उपलब्धि के लिए बच्चों को बधाई दी।

### वार्ता सिरे नहीं चढ़ी तो आगामी आंदोलन की बनाएंगे रूपरेखा: साहिल बागड़ी

**सिरसा।** क्लेरिकल एसोसिएशन वैल्फेयर सोसायटी हरियाणा (सीएडब्ल्यूएस) का अपनी मांगों को लेकर लघु सचिवालय में सांकेतिक धरना तीसरे भी जारी रहा। जिला प्रधान साहिल बागड़ी ने बताया कि तीसरे दिन रेवेन्यू विभाग के साथियों ने धरने को समर्थन दिया और कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करने की बात कही। उन्होंने बताया कि क्लर्क/स्टेनो टाईपिस्ट को 35400, एसडीसी/जु. स्केल स्टेनोग्राफर/एडब्ल्यूबीएन को 39900 रुपए, असिस्टेंट/अकाऊंटेंट क्लर्क/एसएस स्टेनाग्राफर/डब्ल्यूबीएन को 44900 रुपए, डिप्टी सुपरीडेंट पर्सनल असिस्टेंट/टीआरए को 47600 रुपए करने की मांग की।

### जेएनवी ओढ़ा में कक्षा छठी में प्रवेश की अंतिम तिथि 16 सितंबर तक

**ओढां।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा में सत्र 2025-26 हेतु कक्षा छठी में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। जानकारी देते हुए विधालय के प्राचार्य ललित कालडा ने बताया कि कक्षा 6 में प्रवेश हेतु जो भी छात्र अथवा छात्रा आवेदन करना चाहता है वह सिरसा जिले का मूल निवासी हो। वर्तमान सत्र 2024-25 में कक्षा 5 में पढ़ रहा हो। कक्षा तीसरी 2023 में तथा कक्षा चौथी 2024 में पास किया होना चाहिए। उसकी जन्मतिथि 1 मई 2013 से 31जुलाई 2015 के मध्य हो। उन्होंने आगे बताया कि यह परीक्षा 18 जनवरी 2025 को सिरसा जिले के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित की जाएगी।

### गिंदड़ावाली में चाकू से हमला कर डेढ़ लाख रुपये चोरी करने का आरोप

**सिरसा।** जिला के गांव गिंदड़ावाली में एक युवक ने व्यक्ति पर चाकू से वार करके डेढ़ लाख रुपए चुरा लिए। पुलिस ने घायल का बयान दर्ज करके आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में घायल सोना राम ने बताया कि उसकी आटा चक्की की दुकान है। 14 जुलाई को वह घर पर अकेला था। इसी दौरान गांव में रहने वाला लडक़ा सुनील कंबोज उसके पास आया और 50 हजार रुपए मांगने लगा। सुनील ने सोना राम से कहा कि उसकी पत्नी काफी बीमार है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सोना राम ने सुनील से कहा कि उसके पास पैसे नहीं है। यह सुनकर सुनील ने सोना राम को धक्का मारा और चाकू से उसकी गर्दन व हाथ पर वार किया। इसके बाद सुनील पेटी में से डेढ़ लाख रुपए चुराकर ले गया। सोना राम का कहना है कि इस हमले में वह बेहोश हो गया था। पड़ोस के लोगों ने उसे अस्पताल में पहुंचाया।

## कार्यकर्ताओं को हार से निराश होने की जरूरत नहीं

- जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि हार से किसी भी प्रकार से निराश होने की जरूरत नहीं, सभी मिलकर पूरे उत्साह व ताकत से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे तो विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज करेंगे। अजय चौटाला बुधवार को जनता भवन स्थित रामभवन में जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। अजय चौटाला ने यह बैठक लोकसभा चुनावों की स्थिति पर मंथन करने व आगामी विधानसभा चुनावों में रणनीति बनाकर आगे बढने के लिए आयोजित की गई है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में नई स्फूर्ति भरते हुए पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल का उदाहरण रखते हुए कहा कि उन्होंने कभी भी हार से निराशा का सहारा नहीं लिया और सदैव संघर्ष के बूते सफलता हासिल की। उन्हीं की प्रेरणाओं से प्रेरित होकर सभी को आगामी विधानसभा चुनावों में विजय हासिल करनी है और विपरीत परिस्थितियों को अपने अनुकूल बनाना है। उन्होंने कहा कि राजनीति में उतार चढ़ाव आता रहता है मगर हार से हार मान जाना जेजेपी की रगों व मानसिकता में नहीं है। संघर्ष कर विजय हासिल करना ही पार्टी का वास्तविक गुण है और इस दिशा में पूरी पार्टी ने कदमताल करना आरंभ कर दिया है। डॉ. चौटाला ने इस दौरान भाजपा व कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। इससे पूर्व हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने अपने संबोधन में कहा कि जेजेपी परिवार ने सदैव सभी वर्गों को सम्मान दिया है।

### टोहाना में बाइक सवार युवक सोने की अंगूठी छीनकर भागे

**फतेहाबाद।** टोहाना में बाईक सवार युवकों द्वारा एक व्यक्ति से सोने की अंगूठी छीनकर फरार होने का मामला सामने आया है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में हांसी निवासी फलूराम उर्फ काला ने कहा है कि गत दिवस वह टोहाना के राम भवन में आयोजित एक शोक कार्यक्रम में भाग लेने आ रहा था। जैसे ही वह रेलवे रोड पर लक्कड़ मार्किट के पास जगदम्बा मोबाइल वाली गली में जाने लगा तो उसी दौरान 4 अज्ञात युवक दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए और अपना मोटरसाइकिल उसके आगे लगा दिया। एक व्यक्ति जोकि उसके साथ जा रहा था, ने उसे बातों में फंसा लिया। इसके बाद बाईक सवार चारों युवक उससे जबरदस्ती उसकी अंगूठी छीनकर फरार हो गए। इस पर उसे शोर भी मचाया लेकिन युवक काली माता मंदिर रोड की तरफ फरार हो गए। इस पर उसने युवकों का पीछा भी किया लेकिन जब कुछ पता नहीं चला।

### प्राधिकरण 20 से गांवों में शुरू करेगा जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा नागरिकों को राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) व हालसा की विभिन्न स्कीमों की जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए प्राधिकरण की ओर से पैनल अधिवक्ताओं व पैरा लीगल वॉलिंटियर्स की ड्यूटी निर्धारित कर शैड्यूल जारी किया गया है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला में 20 जुलाई से 27 जुलाई तक विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 20 जुलाई को गांव सरवरपुर में अधिवक्ता श्वेता रानी व पीएलवी राजबाला तथा गांव काताखेड़ी में अधिवक्ता संजीव कुमार व पीएलवी आदर्श, 21 जुलाई को गांव रामसरा में अधिवक्ता अमन भट्टी व पीएलवी सुमन रानी तथा गांव बुआन में अधिवक्ता शहनवाज व पीएलवी निर्मला रानी, 22 जुलाई को गांव हरिपुरा में अधिवक्ता सुमनलता व पीएलवी राजबाला तथा गांव पीली मंदोरी में अधिवक्ता नवीन नारंग व पीएलवी सरला, 23 जुलाई को गांव किरढ़ान में अधिवक्ता सुधीर नारंग व पीएलवी रिंपू तथा गांव टिब्बी में अधिवक्ता शहनवाज व पीएलवी सुनीता, 24 जुलाई को गांव ढाबी कलां में अधिवक्ता पूनम व पीएलवी सरला तथा गांव मल्हड़ में अधिवक्ता एमएल भांभू व पीएलवी लक्ष्मी देवी नागरिकों को विभिन्न स्कीमों बारे जागरूक करेंगे।

**पर्यावरण संरक्षण को लगाए जाएंगे 500 से ज्यादा पौधे**

# एमएम कॉलेज में विकसित होगा 'मिनी जंगल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में जंगलनुमा क्षेत्र विकसित करने के लिए पौधारोपण करते एडीसी व मैनेजमेंट सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए शहर के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थान मनोहर मैमोरियल पीजी कॉलेज ने एक सराहनीय पहल की है। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राजीव बत्रा व सोसायटी सदस्यों के प्रयासों से कॉलेज के जंगल की थीम पर करीब 200 स्कवेयर मीटर क्षेत्रफल में वन क्षेत्र विकसित करते हुए 500 से अधिक पेड़-पौधे लगाने का निर्णय लिया गया है। कॉलेज प्रशासन का प्रयास है कि इस जगह पर आने वाले लोगों को जंगल जैसी फील हो। इससे जहां लोगों में प्रकृति के प्रति लगाव बढ़ेगा वहीं पर्यावरण के लिए बड़ा लाभकारी सिद्ध होगा। बुधवार को इस अभियान की शुरूआत एडीसी राहुल मोदी, एमएम एजुकेशन सोसायटी के प्रधान राजीव बत्रा व चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा से रजिस्ट्रार राजेश बंसल द्वारा पौधारोपण के साथ की गई। इस अवसर पर उपप्रधान अशोक तनेजा, कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा, सचिव विनोद मेहता एडवोकेट, वरिष्ठ सदस्य स. केपी सिंह, सतपाल अरोड़ा, सुनील सचदेवा, रिशी बत्रा, गुरुद्वारा सिंह सभा से महेन्द्र सिंह वधवा, जिला रेड क्रास सोसायटी से सुरेन्द्र कुमार, सुनील भाटिया, सीडीएलयू एनएसएस प्रोग्राम कोर्डिनेटर रोहताश कुमार, मैनेजमेंट विभाग से प्रो. सुनील कुमार, आईक्यूएसी कोर्डिनेटर सुनील कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और पर्यावरण संरक्षण को लेकर शुरू किए गए अभियान के बारे में विस्तार से बताया।

प्रधान राजीव बत्रा ने कहा कि आज जिस से पेड़ों को काटा जा रहा है, उससे वन क्षेत्र काफी कम हो गया है इस कारण प्रकृति में असंतुलन पैदा हो गया है। धरती का तापमान दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। कभी तेज गर्मी, कभी बढ़ती सर्दी, कभी अचानक बारिश यह सब मनुष्य द्वारा प्रकृति से की जा रही छेड़छाड़ का नतीजा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हमें सबसे पहला कदम जो उठाने की जरूरत है वह है वृक्षारोपण। हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने होंगे।

जितना संभव हो सके वनीकरण को बढ़ावा देना होगा। राजीव बत्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में अपना योगदान देते हुए एमएम कॉलेज में इस तरह सैंकड़ों वृक्षों वाले जंगलनुमा क्षेत्र विकसित करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें न केवल कॉलेज मैनेजमेंट सदस्य, स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं।